१२ किलोमीटर का मेट्रो रूट तैयार

सुजीत गुप्ता / मुंबई

मुंबई की ट्रैफिक समस्याओं को दरकिनार कर कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज अंडरग्राउंड मेट्रो-३ का निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है। ३३.५ किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का निर्माण कार्य मुंबई के अलग-अलग इलाकों में विभिन्न चरणों मे किया जा रहा है। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुसार अब तक १२ किलोमीटर से अधिक अंडरग्राउंड मेट्रो टनल की खुदाई हो चुकी है और १५ दिसंबर तक दूसरी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम)वैनगंगा-२ आरे कॉलोनी के सररिपुत नगर से सीप्ज आर-पार होगी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुंबई में कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-३ का निर्माण कार्य काफी

दूसरी टीबीएम होगी आर-पार

तेजी से चल रहा है। २३ अगस्त २०१८ को आरे कॉलोनी स्थित सररिपुत नगर से वैनगंगा-२ टीबीएम मशीन से सीप्ज के लिए खुदाई शुरू की गई थी। सररिपुत नगर से सीप्ज की लंबाई लगभग ५६८ मीटर है। अब तक १२५ मीटर टनल की खुदाई होनी बाकी है। रोजाना एक टीबीएम से १० मीटर टनल की खुदाई हो रही है। अनुमानित करीब १५ दिसंबर तक वैनगंगा-२ टीबीएम मशीन आर-पार होगी। इससे पहले मरोल से टी-२ टर्मिनस के बीच वैनगंगा-१ टीबीएम आर-पार हुई थी। १.२६ किलोमीटर के टनल को आर-पार होने में लगभग ९ महीनों का समय लगा था।